# परीक्षा विभाग

# शासकीय होलकर (आदर्श, स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर

क्रमांक/ 496 /परीक्षा/2026-27 इन्दौर, दिनांक : 05.09.2026

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष,
शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय,
इन्दौर (म.प्र.)

विषयः- राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अध्यादेश 14(1) के निर्देशानुसार बी.एस-सी./बीसीए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिये **Skill Based Activities** विषय के अन्तर्गत **Project Work** कराये जाने बाबत्।

संदर्भः- मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल के पत्र क्रमांक/66/81/सीसी/24/38, भोपाल, दिनांक 10.09.2024 के अध्यादेश क्रमांक 14(1) के अनुसार।

महोदय/महोदया,

महाविद्यालय में लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 (NEP 2020) अन्तर्गत उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी अध्यादेश 14(1) के अनुसार स्नातक स्तर पर बी.एस-सी./बीसीए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिये Skill Based Activities विषय के अन्तर्गत Project Work संबंधी कार्य निम्नानुसार कराया जाना है -

1. महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर प्रथम वर्ष में Skill Based Activities (Project Work) संबंधी कार्य प्रथम सेमेस्टर में होगा। विद्यार्थी प्रोजेक्ट रिपोर्ट अधिकतम 2000 शब्दों में स्व-हस्तलिखित तैयार करेंगे।
2. विद्यार्थियों द्वारा चयनित मेजर विषय (प्रथम सेमेस्टर) के विभाग द्वारा Skill Based Activities (Project Work) संबंधी कार्य कराया जावेगा।
3. उपरोक्त कार्य हेतु विषय के चयन हेतु विभागाध्यक्ष अपने शिक्षक साथियों (प्रोजेक्ट मेन्टर) की मदद से संबंधित कार्यो को एक पंजी में सूचीबद्ध करेंगे।
4. Skill Based Activities (Project Work) संबंधी कार्य को एक प्रश्नपत्र की तरह माना जाएगा जिसके कुल 100 अंक (कुल क्रेडिट 2) रहेंगे जिसका विभाजन निम्नानुसार रहेगा -

| क्रमांक | विषय | | विषय | अंक | परीक्षा विभाग को भेजे जाने वाले अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Skill Based Activities (Project Work) (2 Credits) (100 Marks) | आंतरिक / बाह्य मूल्यांकन | प्रतिवेदन (रिपोर्ट) | 50 | 100 |
| 2 | | | प्रोजेक्ट मेन्टर द्वारा आंतरिक मूल्यांकन | 25 | |
| 3 | | | वायवा (बाह्य परीक्षक) | 25 | |
| | | | कुल | 100 | 100 |

5. Skill Based Activities (Project Work) की अवधि न्यूनतम 30 घंटों की होगी।
6. विद्यार्थियों को उपरोक्त कार्य नियमित अध्ययन के साथ-साथ अतिरिक्त समय में करना होगा।
7. Skill Based Activities (Project Work) संबंधी कार्य का उद्देश्य विद्यार्थियों में कौशल विकास हेतु आवश्यक तकनीक से परिचित कराना है।

**नोटः-**

1. विभागाध्यक्ष अपने विभाग के सभी विद्यार्थी जिन्होंने Skill Based Activities (Project Work) संबंधी कार्य किया है के कुल 100 में से प्राप्तांक पर्ण/प्रतिपर्ण में परीक्षा विभाग को भेजेंगे।
2. संबंधित विभाग के विद्यार्थियों को शिक्षक गाइड (प्रोजेक्ट मेन्टर) उपलब्ध कराना विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी है।
3. Skill Based Activities (Project Work) में उत्तीर्ण होने के लिये कुल 100 अंक में से न्यूनतम 35 अंक लाना अनिवार्य होंगे।
4. Skill Based Activities (Project Work) का कार्य 14 **नवम्बर 2026** से पूर्व पूर्ण किया जाना अनिवार्य है।
5. विभागाध्यक्ष प्रत्येक विद्यार्थी की प्रोजेक्ट रिपोर्ट व्यवस्थित रखेंगे एवं श्रेष्ठ तीन प्रोजेक्ट की पहचान कर उसे अवश्य संधारित करके रखेंगे।
6. विद्यार्थियों की Skill Based Activities संबंधी जानकारी का प्रारूप निम्नानुसार है-

| क्रमांक | विद्यार्थी का नाम | कक्षा एवं सेक्शन | महाविद्यालयीन प्रोजेक्ट मेन्टर का नाम | प्रोजेक्ट का शीर्षक |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

7. बिन्दु क्रमांक 6 में दर्शाई गई समस्त विद्यार्थियों की जानकारी संबंधित विभाग में संधारित करेंगे।
8. सुलभ संदर्भ हेतु प्रोजेक्ट रिपोर्ट में लगाये जाने वाला कवर पेज का प्रारूप संलग्न है।

परीक्षा नियंत्रक
शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय,
इन्दौर (म.प्र.)

प्राचार्य
शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय,
इन्दौर (म.प्र.)

## कार्यालय प्राचार्य

## शासकीय होलकर (आदर्श, स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर

क्रमांक/ 496 /2026 दिनांक : 05.09.2026

### आवश्यक सूचना

सत्र 2026-27 अन्तर्गत बी.एस-सी./बीसीए प्रथम सेमेस्टर के समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी उपाधि पाठ्यक्रम के अंतर्गत उन्हें न्यूनतम 30 घंटे का (100 अंकों का) **Skill Based Activities** विषय के अन्तर्गत **Project Work** पूर्ण करना हैं। यह प्रोजेक्ट कार्य विद्यार्थी नियमित अध्ययन के साथ-साथ अतिरिक्त समय में पूर्ण करेंगे।

यह प्रशिक्षण विद्यार्थी 14 नवम्बर 2026 से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक प्राचार्य

# कार्यालय प्राचार्य
## शासकीय होलकर (आदर्श, स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर

क्रमांक/ 496 /2026 दिनांक : 05.09.2026

## आवश्यक सूचना

सत्र 2025-26 अन्तर्गत बी.एस-सी./बीसीए प्रथम सेमेस्टर के समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी उपाधि पाठ्यक्रम के अंतर्गत उन्हें 30 घंटे का (100 अंकों का) **Skill Based Activities** विषय के अन्तर्गत **Project Work** संबंधित मेजर विषय के विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देश तथा प्रोजेक्ट मेन्टर के मार्गदर्शन में पूर्ण करना हैं। यह प्रशिक्षण विद्यार्थी नियमित अध्ययन के साथ-साथ अतिरिक्त समय में पूर्ण करेंगे।

यह प्रशिक्षण विद्यार्थी 14 नवम्बर 2026 से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक प्राचार्य

## Govt. Holkar (Model, Autonomous) Science College, Indore (M.P.)

## Session 2026-27

# Project Report

## [As per NEP-2020, Ordinance 14(1)]

## Title of the Project

**Guided by**

Name & Signature
of Project Mentor

**Name & Signature of the Student**

Roll No./Enrolment/Application ID
Class & Section